**महत्वपूर्ण / विशेष ध्यानाकर्षण / ई0मेल**

**प्रेषक,**

सचिव,
प्राविधिक शिक्षा परिषद,
उत्तर प्रदेश लखनऊ।

**सेवा में,**

प्रधानाचार्य / निदेशक,
परिषद से सम्बद्ध निजी क्षेत्र
की संस्थाएं
**(संलग्न सूची के अनुसार)।**

**पत्रांकः–प्राशिप / अनु06 / 2020 /** 1835 **लखनऊःदिनांक–** 10.9.2020

**विषयः–सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा, सितम्बर–2020 संबंधी कार्यवाही सुनिश्चित किये जाने हेतु संस्था लॉगिन खोले जाने के संबंध में।**

महोदय,

उपरोक्त विषयक परिषद के पत्र संख्या प्राशिप / अनु06 / परीक्षाशुल्क / 2019 / 19602 दिनांक 06–02–2020, प्राशिप / अनु06 / परीक्षाशुल्क / 2020 / 624 दिनांक 20–6– 2020, प्राशिप / अनु06 / परीक्षा शुल्क / 2020 / 1249 दिनांक 05–08–2020 एवं प्राशिप / अनु06 / हार्डकापी परीक्षा शुल्क / 2020 / 1409 दिनांक 19–08–2020 का संदर्भ ग्रहण करने का कष्ट करें। परिषद के उपरोक्त पत्रों द्वारा आपको परीक्षा शुल्क एवं परीक्षा आवेदन पत्र की हार्डकॉपी जमा करने हेतु समय–समय पर निर्देशित किया गया था।

उक्त कार्यवाही सुनिश्चित करने हेतु आपको अंतिम रूप में 25–08–2020 तक परिषद कार्यालय में पूर्व परीक्षा के परीक्षा शुल्क का ट्रेजरी चालान एवं परीक्षा आवेदनपत्रों की हार्डकापी जमा करने हेतु निर्देशित किया गया था, परंतु आप द्वारा अभी तक वांछित अभिलेख परिषद को उपलब्ध नहीं कराये गये हैं। उक्त के दृष्टिगत आपकी संस्था का लॉगिन भी परिषद द्वारा बंद किया गया है, जिससे आप द्वारा सम सेमेस्टर / वार्षिक परीक्षा, सितम्बर–2020 से संबंधित कोई भी कार्यवाही सुनिश्चित नहीं की गयी है।

उक्त प्रकरण दिनांक 10–09–2020 को निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर की अध्यक्षता में आहूत परीक्षा समिति की बैठक में समिति के सम्मुख विचारार्थ प्रस्तुत किया गया, जिसमें परीक्षा समिति द्वारा सर्वसम्मति से निम्नवत् निर्णय लिया गयाः–

**"समिति द्वारा प्रकरण पर विचार–विमर्श किया गया एवं छात्र / छात्राओं के भविष्य के दृष्टिगत सम सेमेस्टर परीक्षा / वार्षिक परीक्षा, सितम्बर–2020 के परीक्षा आवेदनपत्र भराये जाने एवं छात्र / छात्राओं को परीक्षा में सम्मिलित किये जाने का निर्णय लिया गया। समिति द्वारा यह भी निर्णय लिया गया कि संस्थाओं को अंतिम रूप से एक अवसर प्रदान करते हुए वांछित प्रपत्र**

F:\10-6-2020 ANU 6 LETTER.docx

परिषद में उपलब्ध कराये जाने हेतु निर्देशित किया जाये। संस्थाओं द्वारा यदि निर्धारित समय पर वांछित प्रपत्र परिषद कार्यालय में उपलब्ध नहीं कराये जाते हैं, तो संबंधित संस्था का परीक्षाफल रोक लिया जाये एवं संस्था के विरूद्ध नियमानुसार अनुशासनात्मक कार्यवाही सुनिश्चित की जाए।"

परीक्षा समिति द्वारा लिये गये निर्णय के अनुक्रम में आपकी संस्था का लॉगिन दिनांक 10-09-2020 से 12-09-2020 के मध्य खोला जा रहा है। इस संबंध में आपको निर्देशित किया जाता है कि उपरोक्त अवधि में सम सेमेस्टर परीक्षा/वार्षिक परीक्षा, सितम्बर-2020 से संबंधित समस्त कार्य यथा-परीक्षा आवेदन पत्र भराये जाने/सेशनल अंको की प्रविष्टि/प्रयोगात्मक परीक्षा के अंको की प्रविष्टि का कार्य पूर्ण करना सुनिश्चित करें। उपरोक्त तिथि के उपरांत पुनः अवसर आपको प्रदान नहीं किया जायेगा एवं आपकी उदासीनता के दृष्टिगत यदि आपकी संस्था के छात्र/छात्राएं परीक्षा से वंचित रह जाते हैं तो इसका समस्त उत्तरदायित्व स्वयं आपका होगा।

संलग्नकः-सूची संलग्न।

भवदीय,

ok (डा0 आर0 के0 सिंह)
सचिव

पृ0सं0- प्राशिप/अनु06/2020/1836-44 तद्दिनांक- 10.9.2020

प्रतिलिपिः-निम्नलिखित को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्यवाही हेतु प्रेषितः-

1. निजी सचिव, अध्यक्ष, प्राविधिक शिक्षा परिषद, उ0प्र0 लखनऊ को अध्यक्ष महोदय के सूचनार्थ।
2. निजी सचिव, विशेष सचिव, प्राविधिक शिक्षा विभाग, उ0प्र0 शासन को विशेष सचिव महोदय के सूचनार्थ।
3. निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, उ0प्र0 कानपुर।
4. संयुक्त निदेशक, प्राविधिक शिक्षा, पूर्वी क्षेत्र/बुन्देलखण्ड क्षेत्र/मध्य क्षेत्र/पश्चिमी क्षेत्र को इस अनुरोध के साथ कि अपने क्षेत्रान्तर्गत संलग्न सूची में अंकित संस्था प्रधानाचार्य को उपरोक्तानुसार अपने स्तर से निर्देशित करना चाहें।
5. अनुभाग अधिकारी/प्रभारी, अनुभाग-6 को इस निर्देश के साथ कि संस्थाओं की प्रश्नगत सूची को अग्रेतर कार्यवाही हेतु श्री संजय सक्सेना, कम्प्यूटर अनुभाग प्रभारी को हस्तगत करायें।
6. श्री संजय सक्सेना, कम्प्यूटर अनुभाग प्रभार को इस निर्देश के साथ कि उपरोक्तानुसार आवश्यक कार्यवाही करना सुनिश्चित करें।

(डा0 आर0 के0 सिंह)
ok सचिव